आनंदालय

वार्षिक परीक्षा

कक्षा: सातवीं

विषय: हिंदी | अधिकतम अंक : 80

दिनांक: 01-03-2023 | निर्धारित समय : 3:00 घंटे

ामान्य निर्देश :-

.1. यह प्रश्न पत्र दो खण्डों में विभाजित है - 'अ' और' 'ब',

2. खंड 'अ' में कुल सात वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे गए हैं । सभी प्रश्नों में उप प्रश्न दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

. 3. खंड 'ब' में कुल सात वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं । प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए, सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

4. बहुविकल्पीय उप प्रश्न संख्या के साथ लिखित उत्तर भी लिखना अनिवार्य है ।

6. प्रश्न पत्र में कुल 7 पृष्ठ हैं ।

## खंड- 'अ' (बहुवैकल्पिक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

सदाचारी व्यक्ति अपने काम से बड़े बनते हैं। दुराचारी व्यक्ति दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके बड़प्पन बटोरना चाहते हैं। लेकिन एक न एक दिन उनकी कलई खुल जाती है। उनके अनुचित कार्य उनको कहीं का नहीं छोड़ते। इतना होने पर भी वे बेशर्म होकर अच्छे लोगों की बुराई करने में अपना समय बर्बाद करते रहते हैं। किसी की प्रशंसा सुनना उनके कानों को अच्छा नहीं लगता। इतने ही परिश्रम से यदि वे अच्छे कार्य करें, तो वे भी अच्छे आदमी बन सकते हैं, सम्मान पा सकते हैं। परंतु वे अपनी आदत से मजबूर हैं, उनके मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।

सदाचारी व्यक्ति अच्छे काम करके चैन की नींद सोता है और सुखी रहता है। दुराचारी व्यक्ति बुरे काम करके अपना सुख-चैन नष्ट करता है, अपने मन को बीमार करता है। मन की बीमारी कुछ दिनों में शरीर की भी बीमारी बन जाती है।

(क) दुराचारी व्यक्ति किस प्रकार बड़प्पन बटोरना चाहते हैं ?

(i) अच्छे लोगों का काम रोक कर

(ii) दूसरों के कार्य की प्रशंसा करके

(iii) दूसरों के काम में बाधाएँ उत्पन्न करके

(iv) दूसरों के काम में सहयोग करके

(ख) .....दुराचारी व्यक्तियों के कानों को अच्छा नहीं लगता। (वाक्य पूरा कीजिए।)

(i) बुरा काम करना (ii) किसी की प्रशंसा सुनना

(ii) संगीत सुनना (iv) किसी के घर जाना

(ग) दुराचारी व्यक्ति अच्छे काम नहीं कर सकते, क्योंकि, ......। (सही कथन से वाक्य पूरा कीजिए।)

(i) मन की कुटिलता उन्हें अच्छे काम करने से रोकती है।

(ii) उन्हें लोग कुछ करने नहीं देते हैं।

(iii) वे किसी का साथ नहीं देते हैं।

(iv) वे सबको सम्मान देते हैं।

(घ) मन की बीमारी कुछ दिनों में किसकी बीमारी बन जाती है ?

(i) समाज की (ii) परिवार की (iii) राज्य की (iv) शरीर की

(ङ) "कलई खुलना' मुहावरे का अर्थ है

(i) कलई उतरना (ii) असलियत का पता चलना

(iii) भेद प्रकट न करना (iv) चमकना

2. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

रेशम जैसी हँसती खिलती, नभ से आई एक किरण<br>
फूल-फूल की मीठी-मीठी, खुशियाँ लाई एक किरण<br>
पड़ी ओस की कुछ बूंदें, झिलमिल-झिलमिल पत्तों पर<br>
उनमें जाकर दिया जलाकर, ज्यों मुसकाई एक किरण<br>
लाल-लाल थाली-सा सूरज, उठकर आया पूरब में<br>
फिर सोने के तारों जैसी, नभ में छाई एक किरण

(क) कवि ने किरण के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया है ?

(i) रेशम जैसी (ii) हँसती खिलती

(iii) सोने के तारों जैसी (iv) उपर्युक्त सभी

(ख) किरण फूलों के लिए क्या खुशियाँ लेकर आई ?

(i) सुंदरता (ii) सुगंध

(iii) मीठी-मीठी खुशियाँ (iv) विभिन्न रंग

(ग) ओस की बूँदों ने पत्तों पर क्या किया ?

(i) उन्हें चमका दिया
(ii) उन पर एक दिया-सा जला दिया
(iii) उन्हें नहला दिया
(iv) उन्हें धुला दिया

(घ) सूरज की विशेषता है-

(i) वह गोल-गोल है।
(ii) वह गोल-गोल तथा लाल-लाल है।
(iii) वह लाल-लाल थाली जैसा है।
(iv) वह लाल-लाल गेंद जैसा है।

(ङ) 'फूल-फूल' और 'लाल-लाल' में अलंकार' है -

(i) अनुप्रास (ii) यमक (iii) पुनरुक्ति प्रकाश (iv) उपमा

3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x8=8)

(क) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग हुआ है -

(i) गणतत्र (ii) ध्वऩिया (iii) गणतंत्र (iv) ध्वनियाँ

(ख) निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग हुआ है -

(i) साँतवा (ii) सातवाँ (iii) ध्वनिंया (iv) अँश

(ग) निम्नलिखित विकल्पों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें उचित स्थान पर नुक्ता लगा है -

(i) कफन (ii) कंफन (iii) कफनं (iv) कफ़न

(घ) 'श्+र्+ई+म्+अ+त्+ई' का शब्द बनेगा -

(i) श्रीमान (ii) श्रीमौन (iii) श्रीमती (iv) श्रीमन

(ङ) 'उपदेश' शब्द में किस उपसर्ग का प्रयोग हुआ है ?

(i) उप (ii) उ (iii) अव (iv) अप

(च) 'सावधानी' शब्द में कौन सा प्रत्यय है ?

(i) नी (ii) धानी (iii) ई (iv) आनी

(छ) 'रसोई में चूहा है |' वाक्य में कारक का भेद है -

(i) करण (ii) अधिकरण (iii) सम्प्रदान (iv) अपादान

(ज) **'**आँखें नीची होना' मुहावरे का सही अर्थ है-

**(i)** आँख नीची करना (ii) लज्जित होना

(iii) आँखें नम करना (iv) आँखें चुराना

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x8=8)

(क) **'**मकान मालिक ने उसे फटकार लगाई **|'** वाक्य में सर्वनाम शब्द है -

(i) ने (ii) उसे (iii) फटकार (iv) लगाई

(ख) जिस शब्द की विशेषता बताई जाए, उसे कहते हैं -

(i) शब्द (ii) विशेषण

(iii) विशेष्य (iv) क्रिया-विशेषण

(ग) 'राधा बाहर खेल रही है ।' इस वाक्य में 'बाहर' शब्द कौन-सा क्रिया-विशेषण है ?

(i) परिमाणवाचक (ii) स्थानवाचक (iii) रीतिवाचक (iv) कालवाचक

(घ) कौन-सा संधि विच्छेद दीर्घ संधि का है ?

(i) एक+एक (ii) रमा+ईश (iii) वन+औषधि (iv) मत+अनुस्वार

(ङ) 'उपेन्द्र' का कौन-सा संधि विच्छेद शुद्ध है ?

(i) उपा+इंद्र (ii) उप+इंद्र (iii) उप+ईन्द्र (iv) उप+इन्द्र

(च) घुड़सवार घोड़े से गिर गया । रेखांकित शब्द में समास का भेद है -

(i) तत्पुरुष समास (ii) द्विगु समास (iii) कर्मधारय समास (iv) बहुव्रीहि समास

(छ) 'अठन्नी' शब्द समास का भेद है -

(i) तत्पुरुष समास (ii) अव्ययीभाव समास (iii) कर्मधारय समास (iv) द्विगु समास

(ज) 'रात-दिन' में समास कौन-सा भेद है -

(i) द्वंद्व समास (ii) अव्ययीभावसमास (iii) तत्पुरुष समास (iv) द्विगु समास

5. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

बहुत ही मीठे स्वरों के साथ वह गलियों में घूमता हुआ कहता - "बच्चों को बहलाने वाला, खिलौने वाला |"

इस अधूरे वाक्य को वह विचित्र, किंतु मादक-मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुनने वाले एक बार अस्थिर हो उठाते | उसके स्नेहाभिशिक्त कंठ से फूटा गाना सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती | छोटे-छोट बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं **|** गलियों और उनके

अन्तर्व्यापी छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौनेवाला वहीँ बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता |

(क) फेरीवाला क्या आवाज़ लगाकर अपना सामान बेचता था ?

(i) ले लो मिठाई (ii) खिलौनेवाला आ गया

(iii) बच्चों को बहलानेवाला, खिलौनेवाला (iv) मुरलीवाला, मुरलीवाला

(ख) फेरीवाले की आवाज़ सुनकर लोग चंचल क्यों हो उठाते थे ?

(i) फेरी वाला बहुत ही मधुर ढंग से आवाज़ लगाता था |

(ii) फेरी वाले की आवाज़ बहुत कर्कश थी |

(iii) फेरी वाला बहुत सस्ता सामान बेचता था |

(iv) फेरी वाले का सामान बहुत ही अच्छा था |

(ग) फेरीवाले की मधुर आवाज सुनकर कौन हल-चल मचाने लगते थे ?

(i) बच्चे (ii) बच्चों के पिता

(iii) आस-पास के दुकानदार (iv) बच्चों की माताएँ

(घ) 'निकट' शब्द का विलोम होगा -

(i) नजदीक (ii) नियरे (iii) दूर (iv) पास

(ङ) 'समूह' के लिए यहाँ किस शब्द का प्रयोग हुआ है ?

(i) विचित्र (ii) झुंड (iii) एक जगह (iv) इठलाना

6. निम्नलिखित पद्यांश के नीचे लिखे वैकल्पिक प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कर उत्तर लिखिए - (1x5=5)

जब किसी ढब से निकल तिनका गया,<br>
तब 'समझ' ने यों मुझे ताने दी |<br>
ऐंठता तू किसलिए इतना रह,<br>
एक तिनका है बहुत तेरे लिए |

(क) कवि की आँख में पड़ा तिनका कैसे निकला ?

(i) लोग वैद से निकलवाए

(ii) लोगों ने कुछ नहीं किया

(iii) लोग डाक्टर के यहाँ जा कर निकलवाए

(iv) लोगों के कपड़े की नोक से निकाला

(ख) कवि को क्या बात समझ में आ गई ?

(i) व्यक्ति को अपने ऊपर गर्व करना चाहिए

(ii) व्यक्ति को दूसरों पर धौंस जमाना चाहिए

(iii) व्यक्ति को किसी बात का घमंड नहीं करना चाहिए

(iv) इसमें से कोई नहीं

(ग) कवि को किसने ताने दिए ?

(i) समझ ने (ii) मन ने (iii) हृदय ने (iv) पड़ोसियों ने

(घ) 'ढब' शब्द का क्या अर्थ होगा ?

(i) आदेश (ii) 'उपाय' तरीका, विधि

(iii) निकलना (iv) एकाएक

(ङ) कविता और कवि का नाम है -

(i) एक तिनका - भार्तेंदु (ii) एक तिनका - सूर

(iii) एक तिनका-अयोध्या सिंह उपाध्याय (iv) एक तिनका-भगवती प्रसाद

7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए | (1x4=4)

(क) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के ' कविता के कवि हैं -

(i) नागार्जुन (ii) भवानीप्रसाद मिश्र

(iii) मीराबाई (iv) शिवमंगल सिंग 'सुमन

(ख) अप्पू का ध्यान किस कहानी पर केंद्रित था -

(i) सियार और कौआ की (ii) लोमड़ी और कौए की

(iii) लोमड़ी और सारस की (iv) सियार और ऊँट की

(ग) बड़े मियाँ की भाषण की तुलना किससे की गई है -

(i) ड्राइवर से (ii) चिड़ीमार से

(iii) सामान्य ट्रेन से (iv) तूफ़ान मेल से

(घ) किसके आने की आहट सुनकर मीरा प्रसन्न हो गई -

(i) गोपियों की (ii) ग्वाल-बालों की

(iii) श्री कृष्ण के आने की (iv) सखियों की

<u>खंड- 'ब' (वर्णनात्मक प्रश्न)</u>

8. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(क) अप्पू को दुकान के ज़ारों में रखे कंचे ही क्यों आकर्षित करते हैं, अन्य चीजें क्यों नहीं ?

(ख) लेखिका नीलकंठ को प्रवाहित करने के लिए संगम पर क्यों गई ?

(ग) माधवदास के प्रलोभनों के बावजूद चिड़िया उसके पास क्यों नहीं रुकी ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |

(घ) वीर कुंवर सिंह के जीवन से आपको क्या प्रेरणा मिलती है ? विस्तार से लिखिए।

9. निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर 60 शब्दों में दीजिए - (3x3=9)

(क) माता यशोदा अपने कृष्ण को किस प्रकार और क्या कहकर जगा रही है ?

(ख) स्वतंत्र होने की लड़ाई कठपुतलियों ने कैसे लड़ी होगी और स्वतंत्र होने के बाद स्वावलंबी होने के लिए क्या प्रयत्न किए होंगे ? यदि उनमें फिर से धागे में बाँधकर नाचने के प्रसास हुए होंगे तब उन्होंने अपनी रक्षा किस तरह के उपायों से की होगी ?

(ग) 'हम पंछी उन्मुक्त गगन के' कविता के माध्यम से कवि हमें क्या संदेश देना चाहते है ?

(घ) रहीम के दोहों से हमें क्या सीख मिलती है?

10. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए | (5x1=5)

(क) जीवन में सत्संग का महत्त्व

संकेत बिंदु-
- सत्संग क्या है
- सत्संग दुर्लभ
- सत्संग के लाभ
- उपसंहार

(ख) सच्चा मित्र (विपत्ति कसौटी जे कसे ते ही साँचे मीत)

संकेत बिंदु-
- मित्र की आवश्यकता क्यों
- सच्चे मित्र कौन ?
- सच्चे मित्र के गुण
- मित्र चयन में सावधानियाँ

(ग) सबको भाए मधुर वाणी

संकेत बिंदु-
- मधुर वाणी सबको प्रिय
- मधुर वाणी एक औषधि
- मधुरवाणी का प्रभाव
- मधुर वाणी की प्रासंगिकता।

11. (क) अपनी दादीजी का समाचार जानने के लिए अपने पिताजी को लगभग 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए | (5x1=5)

**अथवा**

(ख) विद्यालय में विद्यार्थियों के अनुपात में खेल सामग्री बहुत ही अल्प (कम) मात्रा में है इसलिए आप प्रधानचार्य को इस तथ्य से अवगत कराते हुए लगभग 80 से 100 शब्दों में पत्र लिखिए |

12. (क) कक्षा सात के दो विद्यार्थी लव और कुश के बीच ग्रीष्मावकाश बिताने के संबंध में की गई बातचीत को लगभग 80 से 100 शब्दों में संवाद आलेखन कीजिए | (5x1=5)

**अथवा**

(ख) दुकानदार तथा ग्राहक के बीच हुई बातचीत को लगभग 80 से 100 शब्दों में, संवाद शैली में लिखिए |

13. (क) अच्छी. बढ़िया, रंगीन मोबाइल का नामकरण करते हुए बिक्री बढ़ाने हेतु लगभग 50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन लेखन प्रस्तुत कीजिए | (3x1=3)

**अथवा**

(ख) हिंदी की पुस्तकों की प्रदर्शनी में भारी छूट पर बिक (बेची जा) रही महत्त्वपूर्ण पुस्तकों को खरीदकर लाभ उठाने के लिए लगभग 50 शब्दों में आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

14. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को 70 - 80 शब्दों में लिखिए | विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप से, चित्र से संबंधित होना चाहिए | (4x1=4)

